**झारखण्ड सरकार**
**कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग**

**अधिसूचना**

राँची, दिनांक–**12.02.2024**

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1033 /** प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्री अजय कुमार सिंह, भा.प्र.से. (झा:1995) (अतिरिक्त प्रभार– प्रधान सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1034 /** प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्रीमती वंदना दादेल, भा.प्र.से. (झा:1996) (अतिरिक्त प्रभार– प्रधान सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।

2. श्रीमती दादेल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1035 /** सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्री मनीष रंजन, भा.प्र.से. (झा:2002) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची तथा प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, राँची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1036 /** प्रभारी सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्री अरवा राजकमल, भा.प्र.से. (झा:2008) (अतिरिक्त प्रभार–प्रभारी सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची, प्रभारी सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड, राँची तथा प्रबंध निदेशक, JUIDCO) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक, ग्रेटर राँची विकास एजेन्सी(GRDA) के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1037 /** प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्री उमा शंकर सिंह, भा.प्र.से. (झा:2009) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सिद्धो–कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0, राँची (झारखण्ड) के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1038 /** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित श्री मंजूनाथ भजन्त्री, भा.प्र.से. (झा:2011) (अतिरिक्त प्रभार– बंदोबस्त पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1039 /** अपर सचिव, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्री पवन कुमार, भा.प्र.से. (झा:2011) (अतिरिक्त प्रभार– निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, राँची) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक, झारखण्ड एड्स कंट्रोल सोसायटी, राँची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1040** / श्रमायुक्त, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्री संजीव कुमार बेसरा, भा.प्र.से. (झा:2012) (अतिरिक्त प्रभार– निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मिशन निदेशक–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसायटी, राँची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1041** / निदेशक, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्रीमती आकांक्षा रंजन, भा.प्र.से. (झा:2013) (अतिरिक्त प्रभार– प्रबंध निदेशक, झारखण्ड अन्वेषण एवं खनन निगम लि0, राँची तथा प्रबंध निदेशक, झारक्रॉफ्ट, राँची) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, माटी कला बोर्ड, राँची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1042** / प्रबंध निदेशक, झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (जियाडा) के पद पर पदस्थापित श्री शशि रंजन, भा.प्र.से. (झा:2013) (अतिरिक्त प्रभार– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, राँची तथा निदेशक, खान, झारखण्ड, राँची) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0, राँची (JSMDC) के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1043** / अपर सचिव, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्री सत्येन्द्र कुमार, भा.प्र.से. (झा:2014) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, राँची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1044** / प्रबंध निदेशक, झारखण्ड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम, राँची (JIIDCO) के पद पर पदस्थापित सुश्री माधवी मिश्रा, भा.प्र.से. (झा:2015) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कार्यपालक निदेशक, झारखण्ड राज्य आरोग्य सोसायटी, राँची तथा प्रबंध निदेशक, झारखण्ड मेडिकल एण्ड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एण्ड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लि0, राँची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1045** / उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के पद पर पदस्थापित श्री अनन्य मित्तल, भा.प्र.से. (झा:2015) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जिला का जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया जाता है एवं निदेश दिया जाता है कि वे दण्ड प्रक्रिया संहिता (एक्ट–2, 1974) के अन्तर्गत जिला दण्डाधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करेंगे।

2. श्री मित्तल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ बन्दोबस्त पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1046** / उपायुक्त, साहेबगंज के पद पर पदस्थापित श्री राम निवास यादव, भा.प्र.से. (झा:2015) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखण्ड, राँची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1047** / अपर सचिव, योजना एवं विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्रीमती जाधव विजया नारायण राव, भा.प्र.से. (झा:2015) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा जिला का जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया जाता है एवं निदेश दिया जाता है कि वे दण्ड प्रक्रिया संहिता (एक्ट–2, 1974) के अन्तर्गत जिला दण्डाधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करेंगी।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1048 /** निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित श्रीमती गरिमा सिंह, भा.प्र.से. (झा:2016) (अतिरिक्त प्रभार– निदेशक, तकनीकी शिक्षा, झारखण्ड, राँची) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक लातेहार जिला का जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया जाता है एवं निदेश दिया जाता है कि वे दण्ड प्रक्रिया संहिता (एक्ट–2, 1974) के अन्तर्गत जिला दण्डाधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करेंगी।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1049 /** उपायुक्त, लातेहार के पद पर पदस्थापित श्री हिमांशु मोहन, भा.प्र.से. (झा:2016) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, राँची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1050 /** उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गुमला के पद पर पदस्थापित श्री हेमन्त सती, भा.प्र.से. (झा:2017) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक साहेबगंज जिला का जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया जाता है एवं निदेश दिया जाता है कि वे दण्ड प्रक्रिया संहिता (एक्ट–2, 1974) के अन्तर्गत जिला दण्डाधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करेंगे।

**संख्या– 1/पी0–105/2022 का०– 1051 /** पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत श्री विस्पुते श्रीकांत यशवंत, भा.प्र.से. (झा:2021) को अगले आदेश तक अनुमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है तथा उन्हें गिरिडीह अनुमण्डल के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (एक्ट–2, 1974) की धारा–20 के तहत कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्तियाँ प्रदत्त की जाती है।

2. इस अधिसूचना के क्रम में प्रभार रहित पदाधिकारी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची में योगदान करेंगे।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

विनोद 12/02/24

**(विनोद कुमार)**
सरकार के अवर सचिव।

**ज्ञापांक–1/पी0–105/2022 का०– 1051 /राँची, दिनांक 12.02.2024**

प्रतिलिपि–नोडल पदाधिकारी, ई. गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची/महालेखाकार, झारखंड, राँची/सम्बन्धित कोषागार/ सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली (तीन अतिरिक्त प्रतियों में)/ कैरियर मैनेजमेंट डिवीजन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली/सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली/प्रधान स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड/मुख्य सचिव का कोषांग, झारखंड, राँची/राज्यपाल सचिवालय, झारखंड, राँची/सदस्य, राजस्व पर्षद्, झारखण्ड, राँची/महानिदेशक, श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची/ विकास आयुक्त, झारखण्ड, राँची/सहायक निदेशक, भविष्य निधि निदेशालय, झारखण्ड, राँची/झारखंड राज्य के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/ महाधिवक्ता, झारखंड, राँची/महानिबंधक, झारखंड उच्च न्यायालय, राँची/ सचिव, झारखंड विधानसभा, राँची/ भूसम्पदा पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, झारखंड, राँची/राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड/सम्बन्धित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विनोद 12/02/24

सरकार के अवर सचिव।